प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा चुनाव के आखिरी दौर के लिए प्रचार ने पकड़ा जोर, संताल में आज भाजपा नेता जेपी नड्डा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की सभाएं, इंडी गठबंधन ने भी झोंकी ताकत, कल दुमका में राहुल गांधी करेंगे प्रचार।

2- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 3 प्रतिशत अधिक, झारखण्ड में भी अधिक दर्ज हुई महिलाओं की भागीदारी ।

3- संताल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत कई जागरूकता कार्यक्रम, वोटरों को किया जा रहा जागरूक।

4- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन से तीन जून को ईडी फिर करेगी पूछताछ।

5- जैक ने जारी किया आठवीं बोर्ड का परीक्षाफल, 94 दशमलव एक छह प्रतिशत परीक्षार्थी सफल, हजारीबाग का रिजल्ट रहा सबसे बेहतर।

*************************

लोकसभा चुनाव के आखिरी दौर के लिए प्रचार पूरे जोरों पर है। संताल में अब से थोड़ी देर में भाजपा नेता जेपी नड्डा, पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में दुमका संसदीय क्षेत्र के सारठ के पालाजोरी के खागा मैदान में जनसभा करेंगे। इसके बाद गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लिए देवघर जिले के त्रिलोक परिसर से रोड शो करेंगे। एनडीए की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी संताल में कई जनसभा करेंगे। इधर राज्य में आखिरी चरण की तीन सीटों के लिए इंडी गठबंधन के स्टारप्रचारकों की भी ताबड़तोड़ सभाएं जारी है। इंडी गठबंधन की ओर से जेएमएम की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन कई सभाओं को संबोधित करेंगी।देवघर में आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका पांडेय समेत कई नेता जनसंपर्क और रोड शो कर रहे हैं जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल दुमका में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

*************************

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए कल शाम पांच बजे प्रचार थम जाएगा। झारखंड में अंतिम और सातवें चरण का चुनाव दुमका, राजमहल और गोड्डा में होना है। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल 53 लाख 23 हजार 886 वोटर 52 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस बार दुमका और गोड्डा में 19–19 और राजमहल में 14 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं। इन तीनों सीटों के लिए कुल छह हजार दो सौ अंठावन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 1 जून को वोट डाले जाएंगे जबकि 4 जून को मतों की गिनती होगी।

*************************

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक दर्ज हुई है। निर्वाचन आयोग ने कल इसकी जानकारी दी। शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान करने वाले मतदाताओं की वास्तविक संख्या को आयोग ने जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार 64 दशमलव 95 प्रतिशत पात्र महिला मतदाताओं ने 61 दशमलव 95 प्रतिशत पात्र पुरूष मतदाताओं की तुलना में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 18 दशमलव 67 प्रतिशत दर्ज की गई। झारखण्ड, बिहार, लद्दाख, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी अधिक दर्ज की गई है।

*************************

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में राज्य की तीन संसदीय सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा। जिसके लिए स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। दुमका इंडोर स्टेडियम से शुरू हुई इस क्रॉस कंट्री दौड़ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे, चुनाव आयोग के सामान्य प्रेक्षक

एस नटराजन और अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी और चुनाव आयोग के सामान्य प्रेक्षक ने जिले के अधिकारियों के साथ पूरे शहर में पदयात्रा कर मतदाताओं से वोट करने के लिए प्रेरित किया।

***********************

_लोकसभा चुनाव के दौरान लापरवाही बरतने और चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण चतरा जिले के 9 चुनाव कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज होने वालों में सभी स्कूली शिक्षक हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि लोक सभा चुनाव में इन सभी कर्मियों को मतदान अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया था। बिना किसी कारण ये सभी कर्मी चुनाव ड्यूटी के समय भेजे जाते समय अनुपस्थित पाए गए। जिसके कारण अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की अलग अलग धाराओं के उलंघन के आरोप में इनपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

***********************

धनबाद में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने पार्टी के नौ नेताओं को भीतरघात के आरोप में निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इस संबंध में कल पत्र जारी कर पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कार्रवाई की। इन सभी को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित करने की सूचना जारी की गई।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

***********************

दुमका संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में अंतिम चरण में 1 जून को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।

***********************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन से ईडी तीन जून को फिर पूछताछ करेगी। इससे पहले कल ईडी ने मनीष रंजन से 9 घंटे से अधिक पूछताछ की थी।

***********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल,जैक बोर्ड ने आठवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस वर्ष 5 लाख 61 हजार 7 सौ 74 छात्रों में से कुल 5 लाख 28 हजार 9 सौ 62 छात्रों ने परीक्षा पास की है। इस साल कुल 94 दशमलव एक पांच प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इस बार हजारीबाग का रिजल्ट सबसे बेहतर रहा। यहां 97 दशमलव शून्य छह प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए।

***********************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र की अमझरिया घाटी में सरिया लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में ट्रक के चालक और उपचालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों लातेहार के रहने वाले थे। पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य आरंभ कर दिया है।

***********************

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रांची में आरपीएफ ने पिछले दो दिनों में दो लोगों को पकड़ा है। हिंदपीढ़ी के एक साइबर कैफे और चुटिया थाना क्षेत्र के साइबर कैफे में छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से ई टिकट और नकद बरामद किये गए।

***********************

भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को वर्ष 2023 के यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार कल संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

***********************

संक्षिप्त खबरें

- छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला नक्सली सहित दो माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ आज सुबह मद्देड़ इलाके के बड्डेपारा के जंगलों में हुई ।
- चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। इन लोगों पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रथम जिला व सत्र न्यायाधीश सह पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने यह सजा सुनाई।
- राजधानी रांची के मैकलुस्कीगंज में नक्सलियों ने देर रात कंटेनर में आग लगा दी, जिससे कंटेनर जलकर राख हो गया। साथ ही उसमें सो रहा एक व्यक्ति भी जिंदा झुलस गया और उसकी मौत हो गई।
- रांची में नामकुम थाना क्षेत्र के स्वर्णरखा नदी पर बने रेलवे पुल के नीचे से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामला हत्या का है या आत्महत्या पुलिस जांच कर रही है।

*******समाप्त***************